22/03/2026 आकाशवाणी, भोपाल 7.10 पीएम

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम एशिया संकट पर की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक।
- देश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नेता बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीरजापुर के परमहंस आश्रम में लिया संतों का आशीर्वाद।
- रूस, अमेरिका से कच्चा तेल और एलपीजी लेकर जहाज भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचे।

प्रधानमंत्री– उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पेट्रोलियम, कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक क्षेत्र की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में देश भर में जरूरी संसाधनों की निर्बाध आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।

पीएम मोदी– लंबा कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे लंबे समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में मिलाकर उन्होंने 8 हजार 931 दिन का कार्यकाल पूरा किया, जो सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उनका जीवन सेवा का निरंतर सफर रहा है, जबकि गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह पूरा कार्यकाल राष्ट्र प्रथम की भावना और हर नागरिक के लिए अथक सेवा का प्रतीक है।

पेट्रोलियम मंत्रालय– पेट्रोल, एलपीजी

केंद्र सरकार का कहना है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने आज बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य है और घबराहट में की जा रही बुकिंग भी अब कम हुई है। मंत्रालय का कहना है कि अस्पतालों और स्कूलों समेत जरूरी जगहों पर वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई गई है। वहीं जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए पूरे देश में छापेमारी जारी है।

## मुख्यमंत्री– मीरजापुर दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उत्तर प्रदेश के मीरजापुर स्थित श्री परमहंस आश्रम पहुंचकर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज से भेंट की। डा. यादव ने उन्हें 2028 के उज्जैन सिंहस्थ महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने संतों और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संतत्व से ही देवत्व की प्राप्ति संभव है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में भगवान राम व कृष्ण से जुड़े स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री– यूपीएससी परीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल यूपीएससी परीक्षा में चयनित प्रदेश के 61 होनहार अभ्यर्थियों से संवाद कर उनका सम्मान करेंगे। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'सफलता के मंत्र' कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थी अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानियां साझा करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री 'प्रतिभाओं का परचम' पुस्तिका का विमोचन भी करेंगे।

## उपराष्ट्रपति – प्राकृतिक चिकित्सा

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज पुणे के उरुली कंचन में एक प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम की 81वीं वर्षगांठ में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने लोगों से प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने की अपील की।

## नितिन गडकरी – ईंधन

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारतीय किसान अब ईंधन और ऊर्जा उत्पादन में सक्षम हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, इंडियन ऑयल के साथ मिलकर पानीपत में धान के भूसे से इथेनॉल, बायो–बिटुमेन और विमानन ईंधन बना रही है। श्री गडकरी ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी के जरिए देश को डीजल आयात की जरूरत ही नहीं रहेगी।

## सीआर पाटिल– जल महोत्सव

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि देश के 15 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल से जल कनेक्शन पहुंच चुका है। जल महोत्सव 2026 के समापन समारोह में उन्होंने बताया कि इससे स्वास्थ्य सुधार के साथ–साथ महिलाओं के जीवन स्तर में भी बड़ा बदलाव आया है।

## भाजपा– महिला मोर्चा

मध्य प्रदेश भाजपा ने महिला मोर्चा की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति के बाद यह टीम गठित की गई है। अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में बनी इस नई टीम में राजगढ़ से पूर्व कांग्रेस नेता मोना सुस्तानी को प्रदेश महामंत्री की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## पांच राज्यों के चुनाव

असम, केरल और पुद्दुचेरी में नामांकन की प्रक्रिया कल शाम समाप्त होगी और इन तीनों जगहों पर अगले महीने की 9 तारीख को एक ही चरण में मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और पश्चिम बंगाल में 23 व 29 अप्रैल को दो चरणों में वोट डाले जाएंगे। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए चुनाव अधिसूचना 30 मार्च को जारी होगी। सभी पांचों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नतीजे 4 मई को आएंगे।

## प्रदेश अर्थव्यवस्था– 18 लाख करोड़

प्रदेश की अर्थव्यवस्था 2026–27 में 18 लाख 48 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले साल 16 लाख 48 हजार करोड़ थी। सरकार ने नए वित्त वर्ष के लिए 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जिसमें विकास, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया गया है। बुनियादी ढांचे के लिए 80 हजार 266 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय रखा गया है। ग्रामीण विकास में 37 फीसदी, महिला एवं बाल विकास में 26 फीसदी और राजस्व विभाग में 43 फीसदी बजट बढ़ाया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में इन दिनों जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नदियों, तालाबों, कुओं और बावड़ियों को नई जिंदगी दी जा रही है। 19 मार्च को शुरू हुआ यह अभियान 30 जून तक चलेगा। इस बार सरकार ने 2500 करोड़ रुपये का बजट रखा है। अभियान के तहत 50 नए अमृत सरोवर बनाए जाएंगे और सदियों पुरानी बावड़ियों को भी संरक्षित किया जाएगा। **MY Bharat** पोर्टल पर 'जलदूत' बनकर भी आप इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं।

## किसान सेवा पखवाड़ा

भाजपा किसान मोर्चा कल से 29 मार्च तक प्रदेशभर में 'किसान सेवा पखवाड़ा' अभियान चलाएगा। अभियान की शुरुआत 62 मंडियों में प्याऊ और स्वास्थ्य शिविरों से होगी, जबकि 25 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन पर उन्नत और जैविक किसानों को सम्मानित किया जाएगा। समापन पर 29 मार्च को 62 मंडियों में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## जबलपुर–सूखे पत्तों से खाद

जबलपुर नगर निगम ने एक अनूठा अभियान शुरू किया। इस अभियान का नाम 'पतझड़ के पत्ते कचरा नहीं हैं' रखा गया है। अभियान के तहत सूखे पत्तों को जलाने की बजाय जैविक खाद बनाई जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से पत्ते अलग इकट्ठा कर निगम की टीम को सौंपने की अपील की है। खाद बनाने के लिए लिए शहर में पांच कम्पोस्ट प्लांट बनाए गए हैं और तैयार खाद नागरिकों को मुफ्त दी जाएगी।

## तीन दिवसीय आदिरंग महोत्सव

खंडवा के नया हरसूद में तीन दिवसीय "आदिरंग" महोत्सव आज संपन्न हुआ। जनजातीय नृत्य, संगीत और शिल्प कला पर केंद्रित इस महोत्सव के समापन समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया और जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शामिल हुए। अंतिम दिन रानी दुर्गावती नृत्य–नाट्य के साथ–साथ देश के अलग–अलग राज्यों के लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।

## मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में चार दिन की बारिश के बाद आज तेज धूप निकली। स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है और सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट बनाई जा रही है। सीहोर के सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया का कहना है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में न निकलें, खूब पानी पिएं और सूती कपड़े पहनें।

## समाचार संक्षेप में .....

- गुना में जल संरक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा सिंगवासा तालाब एवं गुनिया नदी मार्ग का निरीक्षण किया गया।
- शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण में जल संरक्षण एवं संवर्धन के काम शुरु हो गए हैं।
- खंडवा में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में भूकंपपूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम के तहत जिलास्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला 25 मार्च को आयोजित की जाएगी।
- अनूपपुर में अब तक एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह की 1684 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है।
- नर्मदापुरम के माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' पर संगोष्ठी आयोजित हुई. इसमें विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ा गया।

-----------------------------